# बंशीपहाड़पुर के द्वितीय चरण में 248 हैक्टेयर क्षेत्र का होगा डायवर्जन

- पहले चरण की 11 खानों में खनन कार्य जारी-एसीएस
- बंशीपहाड़पुर में 646 हैक्टेयर क्षेत्र है

**भरतपुर** (निस)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं जलदाय डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि बंशीपहाडपुर के द्वितीय चरण के डायवर्जन कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में 398 हैक्टेयर क्षेत्र में डायवर्जन कर खनन प्लाटों की नीलामी की जा चुकी है और क्षेत्र की 11 खानों में पत्थर का खनन कार्य आरंभ हो चुका है। गौरतलब है कि बंशीपहाड़पुर में 646 हैक्टेयर क्षेत्र है जिसमें से द्वितीय चरण में 248 हैक्टेयर क्षेत्र का डायबर्जन करवाया जाएगा।

एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने भरतपुर दौरे के दौरान माइंस विभाग के एमई राम निवास मंगल, एएमई सुनील शर्मा व अधिकारियों के साथ बंषीपहाडपुर क्षेत्र का दौरा किया और खनन पट्टाधारियों से भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 248 हैक्टेयर क्षेत्र के द्वितीय चरण के डायबर्जन के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं ताकि डायवर्जन की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि राममंदिर व अन्य स्थानों पर बंशीपहाडपुर के विश्वविख्यात गुलाबी लाल पीले पत्थर की मांग होने से यह अतिसंवेदनशील कार्य था पर समग्र प्रयासों से पहले चरण में 41 खनन पट्टों की नीलामी व एक पट्टा आरएसएमएम को जारी किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि बंषीपहाडपुर में एसएमई जयपुर प्रताप मीणा को समयवद्ध क्रियान्वयन के लिए प्रभारी अधिकारी बनाते हुए जिम्मदारी दी गई।

दूसरे चरण की कार्ययोजना व समन्वय की जिम्मेदारी प्रताप मीणा की दी गई है।

डा. अग्रवाल ने बताया कि बंषीपहाडपुर में वैध खनन कार्य आरंभ कराना राज्य सरकार के लिए चुनौती भरा काम था। उच्चतम न्यायालय के आदेष से दिसंबर 1996 से बिना डायवर्जन के गैर वानिकी कार्य प्रतिबंधित किए जाने से उक्त क्षेत्र में वैध खनन बंद हो गया था। देश दुनिया में बंशीपहाडपुर के पत्थर की मांग को देखते हुए क्षेत्र में अवैध खनन होने और आए दिन कानून व्यवस्था की समस्या सामने आ रही थी।

एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राममंदिर के लिए पत्थर से जुडा अतिसंवेदनषील मामला होने के कारण मुख्यमंत्री अषोक गहलोत इस प्रकरण में गंभीर थे और उनके अथक प्रयासों से ही पहले अतिसंवेदनषील बंषी पहाडपुर खनन क्षेत्र ब्लॉक ए व बी सुखासिला एवं कोट क्षेत्र को बंध बारेठा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र से बाहर करवाया गया और उसके बाद केन्द्र सरकार के वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन भूमि के डायवर्जन की स्वीकृति जारी कराई गई। माइंस एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने इस कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए बंषी पहाडपुर क्षेत्र में खानों के प्लाट तैयार कर उनकी ई नीलामी व वैद्य खनन के लिए किए जा रहे प्रयासों की निरंतर मोनेटरिंग करते रहे हैं। बंषी पहाडपुर के पत्थर की राम मंदिर निर्माण में भी मांग को देखते हुए यह इस क्षेत्र में वैध माइंनिग शुरु करवाना राज्य सरकार के लिए संवेदनषील रहा है।

एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रभावी तरीके से राज्य का पक्ष रखने का परिणाम रहा कि पहले केन्द्र सरकार से वन भूमि का डायवर्जन और उसके बाद प्लॉटों को तैयार कर आवशन की प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूरी की गई।

क्षेत्र में विष्वविख्यात गुलाबी लाल पत्थर का करीब 26 साल बाद वैध खनन आरंभ हो गया है। इससे हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से रोजगार मिलने लगा है वहीं नए निवेष की राह प्रषस्त होगी। बैठक में एसएमई अविनाष कुलदीप, एमई रामनिवास मंगल, एसएमई सुनील शर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलदाय रामनिवास मीणा व अन्य अधिकारा उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**सूरौठ ।** कस्बे के बृज नांगल पैलेस के पास गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पटेल के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ललित किशोर चतुर्वेदी के बेटे लोकेश चतुर्वेदी रहे ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में लवकुश चतुर्वेदी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता करौली भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा के द्वारा की गई इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोशन चौधरी बाईजट्ट जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह धुरसी ने पधारे हुए अतिथि का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके भव्य स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष रोशन चौधरी बाईजट्ट द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि लोकेश चतुर्वेदी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एक जुट होकर कार्य करने की बात कही वहीं प्रधानमंत्री सुकन्या योजना को लेकर भाजपा नेता लोकेश चतुर्वेदी ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आर्थिक निर्भरता को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री सुकन्या योजना चलाई है।

## जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : कलक्टर

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिला स्तरीय मासिक जनसुनवाई में गुरूवार को स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आमजन की सुनवाई की।

इस दौरान जिला कलक्टर रंजन ने जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन के प्रकरणों को नियमानुसार तत्काल कार्यवाही कर निस्तारित करें जिससे विभिन्न स्तर पर बार-बार प्रकरण न आये साथ ही पीएमओ, सीएमओ एवं संवैधानिक संस्थाओं से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से एवं संपर्क पोर्टल पर नियमित निगरानी कर दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं बीसीएमओ को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र के मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से वंचित परिवारों का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे जिले के समस्त परिवारों को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से लाभान्वित कराया जा सके। जनसुनवाई के दौरान सूरजपोल निवासी मीना पत्नि जाकिर हुसैन अध्यापक ने अनुग्रह राशि का भुगतान कराये जाने के प्रकरण में सम्बन्धित 17 सीसीए का नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक को दिये। श्री नगर भरतपुर निवासी विष्णु सिंह द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने के प्रकरण में कृषि विभाग के अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश् दिये।

तहसील बयाना के ग्राम वीरमपुरा निवासी वेदराम धाकड द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में खातेदार का नाम वेदरिया के स्थान पर वेदराम संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में बयाना के उपखण्ड अधिकारी को सात दिवस में प्रकरण निस्तारण करने के निर्देश दिये। गिरधर द्वारा हितदारी के आश्रितों को पीएफ खाते का लाभ दिलाये जाने के प्रकरण में एसई को तत्काल समाधान के साथ ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन सुरेश कुमार यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर सुभाष गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल मीना, नगर निगम के सचिव रविन्द्र सिंह, खनिज विभाग के एसएमई आरएन मंगल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड स्तरीय अधिकारी शामिल है।

## छात्रों ने स्वर्ण पदक व रजत पदक जीता

**धौलपुर ।** आगरा में चल रही 51वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय धौलपुर के छात्र अभिषेक गोले ने स्वर्ण व अभिषेक शुक्ला ने रजत पदक जीतकर धोलपुर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों छात्रों ने जयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में पदक हासिल किए। विद्यालय के खेल प्रभारी इस्ताक अली ने बताया इस प्रतियोगिता में देश भर के 25 संभाग भाग ले रहे हैं। प्राचार्य योगेश कुमार मीणा ने बताया है कि केंद्रीय विद्यालय धौलपुर के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में नाम रोशन किया है। पदक विजेता छात्रों के धौलपुर आगमन पर अभिभावक एवं समाज के लोगों ने तथा प्राचार्य योगेश कुमार मीणा ने छात्र अभिषेक गोले, अभिषेक शुक्ला और अनमोल रावत एवं शारीरिक शिक्षक इस्ताक अली का साफा व माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत एवं सम्मान किया।


**खोया-पाया**

मॉ गुमानो एसोसीएट के रेपो किट नं. PLSED674750 मदनमोहनजी के मंदिर के पास करौली में कही गुम हो गई है। मिलने पर सूचित करें।

**मॉ गुमाको एसोसीएट**
मो. 8003010008



**PUBLICE NOTICE**

We have deposited following title deeds pertaining to respective properties at SBI New Mandi Bharatpur (Rajasthan) Branch as mortgage for having Housing Loan facility. The following title deeds are laminated for the sake of safety and if any party claim towards the said relevant properties, the same should be lodged with SBI New Mandi Bharatpur within 15 days from publication of this notice.

**PROPERTY DETAILS :**

House No. 42/135, Near Indara School, Sanjay Nagar,Baratpur belonging to Shri Pooran Chand Sharma s/o Shri Babu Lal Sharma.

- Laminated lease deed alongwith site plan No. 6291 dated 14.02.2013 registered at Sr. No. 2013002305 in page no.91, vol. no. 821 of Book No.1 on 21.02.2013 with Sub Registrar of Bharatpur executed by U.I.T. Bharatpur in favour of Shri Pooran Chand Sharma s/o Shri Babu Lal Sharma
- Laminated Lease Mukti Certificate Sr. No. 5411 dated 14.02.2013 issued by UIT. Bharatpur.
- Laminated Registration Fees Receipt No. 2013002648 dated 21.03.2013 by Sub Registrar, Bharatpur.
- Letter No. 5410 dated 14.02.2013 issued by UIT, Bharatpur.

(Pooran Chand Sharma s/o Shri Babu Lal Sharma.)



**PUBLICE NOTICE**

We have deposited following title deeds pertaining to respective properties at SBI New Mandi Bharatpur (Rajasthan) Branch as mortgage for having Housing Loan facility. The following title deeds are laminated for the sake of safety and if any party claim towards the said relevant properties, the same should be lodged with SBI New Mandi Bharatpur within 15 days from publication of this notice.

**PROPERTY DETAILS :**

House No. B-24,Ranjeet Nagar,Bharatpur belonging to Shri Dinesh Chand Garg s/o Shri Madan Lal Garg and Smt. Rekha Garg w/o Shri Dinesh Chand Garg

- Laminated Vikarya patra (Lease Deed) No. 69 registered at Sr. No. 1099 of Book No. 1 in volume No. 132 page no. 5 dated 24.7.1982 executed by the U.I.T. Bharatpur in favour of Shri Shivaji Upadhyay s/o Shri Prahlad Upadhyay.
- Laminated Licence No. 2909 - 2010 dated 11.07.1973 issued by Improvement Trust, Bharatpur in favour of Shri Shivaji Upadhyay s/o Shri Prahlad Upadhyay
- Laminated Site Plan entered at file No.6, page no. 70 attached with sale deed registered at Sr. No. 1103 of Book No.1 in volume No.132 page no. 13 to 14 on dated 28.07.1982 executed by Shri Shivaji Upadhyay s/o Shri Prahlad Upadhyay in favour of Shri Ramnivash Goyal s/o Shri Saligam Goyal.

(Dinesh Chand Garg and Rekha Garg)


# प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह होगा

**हिण्डौन सिटी ।** नेहरू कॉलेज के पास बयाना रोड पर प्रजापति समाज के छात्रावास में आयोजित होने वाले 16 वें प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विशाल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम में हिंडौन क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री भरोसी लाल जाटव मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता के पी प्रजापति उप निरीक्षक ईडी नई दिल्ली करेंगे एवं प्रजापति छात्रावास हिण्डौन के मुख्य संरक्षक एवं समाज के भामाशाह जगदीश प्रसाद ठेकेदार विशेष रूप से पधारेंगे । किशोर प्रजापति दुल्हेपुरा प्रदेश अध्यक्ष कुम्हार महासभा मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। प्रातः 9:00 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विकास प्रजापति , विनोद कुमार प्रजापति प्रधान पंचायत समिति हिंडौन, बृजेश जाटव सभापति नगर परिषद हिंडौन, कीर्ति कुमावत आयुक्त नगर परिषद हिंडौन, एईएन वारां, रामकेश प्रजापति एईएन झालावाड़, प्रेम सिंह प्रजापति सीनियर मत्स्य अधिकारी जोधपुर, विजय सिंह प्रजापति कंप्यूटर साइंटिस्ट नई दिल्ली, सत्यदेव प्रजापति जिला कृषि अधिकारी करौली, डॉक्टर ओम प्रकाश प्रजापति सीनियर चिकित्सक, श्बाबूलाल ठेकेदार कोचीन, आदि सहित दर्जनों विशेष पर्सनैलिटी कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम का प्रारंभ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रतियोगिता से होगा तथा 11:00 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का विधिवत संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम में अलवर भरतपुर धौलपुर करौली सवाई माधोपुर दौसा से व्यापारी समाज की प्रतिभाएं एवं गणमान्य समाज बंधु उपस्थित रहेंगे । इस दौरान समाज के विशिष्ट प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

## नाबालिग से अश्लील हरकत

**वैर,** (निसं)। उपखंड के हलैना में मस्जिद के मौलवी द्वारा एक नाबालिग लड़की से अश्लील हरकतें करने के मामला पुलिस में दर्ज कराया है।जिसमें पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गुरुवार को एक 17 वर्षीय लडकी अपनी स्कॉलर शिप का फॉर्म भरकर वापिस पैदल पैदल अपने घर आ रही थी।जहां रास्ते में जामा मस्जिद का मौलवी रसीद मिला ।जिसने लड़की से मोबाइल दिखाने को कहा। लड़की ने अपना मोबाइल दे दिया। मोबाइल को देखते देखते मौलवी भी उसी के साथ रास्ते में चल रहा था।जिसने मस्जिद के पास आने पर लड़की का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरदस्ती मस्जिद मे खीचने लगा और उसके साथ अश्लील हरकत की।

## बैठक में छाए नल बिजली के मुद्दे

**भुसावर ।** कस्बा भुसावर के रणधीरगढ सडक मार्ग स्थित अम्बेडकर भवन पर पंचायत समिति भुसावर की साधारण सभा का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों एवं सरपंचों ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं सभा में बिजली, पानी एवं सडक के मुद्दे छाए रहे। साधारण सभा के दौरान महिला जनप्रतिनिधियों की जगह पहुँचे प्रतिनिधि जैसे ही सवाल करने लगे तो विकास अधिकारी ने तुरन्त उन्हें टोकते हुए मना कर दिया। विकास अधिकारी मोहनलाल मुदगल ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा भुसावर के रणधीरगढ सडक मार्ग स्थित अम्बेडकर भवन पर साधारण सभा का आयोजन प्रधान सुफेदी देवी की अध्यक्षता में किया गया।


**PUBLICE NOTICE**

We have deposited following title deeds pertaining to respective properties at SBI New Mandi Bharatpur (Rajasthan) Branch as mortgage for having Housing Loan facility. The following title deeds are laminated for the sake of safety and if any party claim towards the said relevant properties, the same should be lodged with SBI New Mandi Bharatpur within 15 days from publication of this notice.

**PROPERTY DETAILS :**

House at Mohalla Gpoal Garh, Bharatpur belonging to Shri Dinesh Singh s/o Raghunath Singh

- Laminated sale deed along with site plan registered at Sr. No. 2083 page No. 259-260 Vol.No.166 dated 2.12.1985 at Sub Registrar Bharatpur executed by Om Prakash s/o Durgi in favour of Raghuveer Singh s/o Medu Ram Jat.
- Laminated permission of construction with site plan issued by Municipal council Bharatpur on 02.07.1986 in favour of Raghuveer Singh s/o Medu Ram Jat.

(Dinesh Singh s/o Raghunath Singh)



**पश्चिम मध्य रेल**

**सं. CG/450/CA/Misc. Corr., दि.: 17.10.2022**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा स्टेशनों के परिभ्रमण क्षेत्र पर विज्ञापन युनिपोल माध्यम से (advertisement on station circulating area premise (OoH)), स्टेशनों पर विज्ञापन डिजिटल माध्यम से (advertisement on station premise (Digital)) & स्टेशनों पर विज्ञापन नॉन डिजिटल माध्यम से (advertisement on station premise (Non Digital)) के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग (Catalouge) को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है: **(1) केटलॉग सं.:** KOTAADVTMISC17 **(2) अनुबंध का प्रकार:** Advertisement on station circulating area premise (OoH), Advertisement on station premise (RDN-Digital) & Advertisement on station premise (RDN-NON Digital) **(3) लॉट सं.:**

| | |
|---|---|
| ADVT-KOTA-COO-OH-66-22-1 | ADVT-KOTA-LNR-OH-56-22-1 |
| ADVT-KOTA-MKX-OH-63-22-1 | ADVT-KOTA-MXL-OH-65-22-1 |
| ADVT-KOTA-MKX-OH-61-22-1 | ADVT-KOTA-ATRU-OH-74-22-1 |
| ADVT-KOTA-GGC-OH-67-22-2 | ADVT-KOTA-GGC-OH-69-22-1 |
| ADVT-KOTA-SVA-OH-60-22-1 | ADVT-KOTA-SGAC-OH-71-22-1 |
| ADVT-KOTA-SVA-OH-57-22-1 | ADVT-KOTA-BWM-OH-50-22-1 |
| ADVT-KOTA-LNR-OH-53-22-1 | ADVT-KOTA-SWM-OH-64-22-1 |
| ADVT-KOTA-MKX-OSD-83-22-1 | ADVT-KOTA-KIW-OSD-84-22-1 |
| ADVT-KOTA-DY-OSD-80-22-1 | ADVT-KOTA-NNW-OSD-79-22-1 |
| ADVT-KOTA-CJW-OSD-82-22-1 | ADVT-KOTA-MEP-OSN-120-22-1 |
| ADVT-KOTA-KOTA-OSN-115-22-1 | ADVT-KOTA-DNHK-OSN-103-22-1 |
| ADVT-KOTA-DY-OSN-97-22-1 | ADVT-KOTA-MXL-OSN-112-22-1 |
| ADVT-KOTA-DHNK-OSN-117-22-1 | ADVT-KOTA-IDG-OSN-107-22-1 |
| ADVT-KOTA-LKE-OSN-104-22-1 | ADVT-KOTA-SYL-OSN-98-22-1 |
| ADVT-KOTA-SYL-OSN-92-22-1 | ADVT-KOTA-KOTA-OSN-100-22-1 |
| ADVT-KOTA-GGC-OSN-113-22-1 | ADVT-KOTA-BNDI-OSN-111-22-1 |
| ADVT-KOTA-MKX-OSN-102-22-1 | ADVT-KOTA-THEA-OSN-95-22-1 |
| ADVT-KOTA-MEP-OSN-99-22-1 | ADVT-KOTA-CJW-OSN-93-22-1 |
| ADVT-KOTA-CMU-OSN-108-22-1 | ADVT-KOTA-RMA-OSN-106-22-1 |
| ADVT-KOTA-CMU-OSN-118-22-1 | ADVT-KOTA-CJW-OSN-91-22-1 |
| ADVT-KOTA-JLF-OSN-105-22-1 | ADVT-KOTA-BWM-OSN-116-22-1 |
| ADVT-KOTA-CAG-OSN-119-22-1 | ADVT-KOTA-RWJ-OSN-90-22-1 |

**अनुबंध की अवधि:** 03 years **ई-नीलामी की तिथि और समय:** सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 03.11.2022 को 10.00 बजे शुरु होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनिट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मोड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!


## 'जनसुनवाई के प्रकरणों को 2 दिन में निपटायें'

**करौली,** (नि.स.) । जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने समस्त विभागीय अधिकारी जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों को प्राथमिकता एवं गंभीरता से लेते हुये दर्ज प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिये।उन्होने कहा कि छोटे छोटे प्रकरणों को अपने स्तर पर ही निस्तारण करे ताकि जिला स्तर पर प्रकरण नही आयें।

जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल एवं जिला उपखंड एवं ग्रामीण स्तर पर हो रही जनसुनवाईयों के प्रकरणों को 2-3 दिन मे निस्तारण करें।

उन्होने उपखंड अधिकारी करौली को निर्देश दिये कि आपके स्तर पर 20 प्रकरण दर्ज है एवं नगर परिषद आयुक्त के स्तर पर 10 प्रकरण दर्ज है उनका निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने समिति में कुल दर्ज 16 प्रकरणों में से 6 प्रकरणों का निस्ताण किया गया। जिला कलेक्टर ने जिला जन अभियोग व सतर्कता समिति की बैठक को समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने सेवानिवृत अध्यापक सतीश चंद अग्रवाल के प्रकरण पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण की 15 दिवस मे जांच कर रिपोर्ट भिजवायें साथ ही ग्राम पंचायत डाबरा की फर्जी मस्टरोल,श्रम कल्याण द्वारा दी जाने वाली सहायता,सिलिकोसिस सहायता, पट्टा दिलवाने, रास्ता खुलवाने, चंबल के पानी की सप्लाई करवाने,अवैध बोरिंग को हटवाने, वायोडीजल के लिये एनओसी देने आदि समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## मिठाइयों के सैंपल लिए

**बयाना,** (निस) । रसद विभाग की टीम ने गुरुवार को कस्बे के दो मिष्ठान भंडार की दुकान से खुला रसगुल्ला का सैंपल लिया है। इस टीम के पहुंचने से पहले ही कई मिष्ठान भंडार और डेयरी संचालक अपनी दुकानों को बंद कर रफूचक्कर हो गये।

रसद विभाग के अनुसार सीएमएचओ डॉ. लक्ष्मण सिंह के निर्देशन पर बयाना शहर में कार्रवाई करते हुए टीम ने कस्बे के प्रमुख बाजारों से दोनों मिठाई की दुकानों से रसगुल्ला व कलाकंद के सैंपल लिए है। इन सैम्पलिंग को प्रयोगशाला जांच के लिए भिजवाया है। रसद विभाग की टीम के आने से पूर्व कई मिलावटखोरों ने अपनी दुकानों को बंद कर रफूचक्कर हो गए। रसद विभाग की टीम की कार्रवाई की भनक पहले ही मिलावटखोरों को मिल जाती है जिसके कारण है अपनी दुकानों को बंद कर रफूचक्कर हो जाते हैं।

## 'अधिकारी आपसी समन्वयता से धरातल पर करें कार्य'

**करौली** (नि.स.)। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक मे गुरूवार को जिला प्रमुख श्रीमति शिमला ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वयता बनाते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के कार्यो को करें क्योकि जनप्रतिनिधी को पता है कि उनके क्षेत्र मे क्या क्या समस्याऐं है तो वहा के लोगो को सरकार के कार्यो का लाभ मिलेगा।

59- जिला प्रमुख ने कहा कि आमजन के कार्य ग्रामीण स्तर पर ही हो जिससे कि उनको वेवजह जिला स्तर पर चक्कर नही लगाने पडे।उन्होने कहा कि जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह सोलंकी ने अपने अपने क्षेत्र मे पेयजल,सडक,चिकित्सा,पशुपालन,कृषि सहित अन्य आवश्यक कार्यो को समय सीमा मे पूर्व कराने एवं अन्य सदस्यों द्वारा अतिक्रमण हटाने,विद्युत लाईनों को दुरूस्त करने,विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से करने, सडकों की मरम्मत करने एवं मनरेगा मे कार्य लेकर स्वीकृत करवाने,जहा पानी रूकता है उस स्थान को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करवाने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को इन पर विशेष ध्यान रखने पर बल दिया।बैठक मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक ने अब तक किये गये कार्यो की विस्तार से जानकारी दी एवं अधिकारियों को जिला परिषद सदस्यों द्वारा की गई मांगों को समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिये।बैठक मे मुख्य आयोजना अधिकारी रामराज मीना ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2022-23 कार्य योजना मे समस्त पंचायत समितियों के 762 कार्यो की 3019.89 लाख के कार्यो का आयोजना समिति की एवं साधारण सभा की बैठक मे अनुमोदन किया गया।


**PUBLICE NOTICE**

We have deposited following title deeds pertaining to respective properties at SBI New Mandi Bharatpur (Rajasthan) Branch as mortgage for having Housing Loan facility. The following title deeds are laminated for the sake of safety and if any party claim towards the said relevant properties, the same should be lodged with SBI New Mandi Bharatpur within 15 days from publication of this notice.

**PROPERTY DETAILS :**

House No.D-126,Ranjeet Nagar,Bharatpur belonging to Rajesh Kumar Gupta and Priyanka Gupta

- Laminated Vikarya patra (Lease Deed) No. 811/ 29.07.1992 registered at Sr. No. 1511 of Book No. 5 page no. 309-310 dated 30.07.1992 executed by the U.I.T. Bharatpur in favour of Shri Kashi Ram s/o Shri Kalli Ram.
- Laminated Licence No.2720-21 dated 12.07.1976 issued by Improvement Trust,Bharatpur in favour of Shri Kashi Ram s/o Shri Kalli Ram.
- Laminated Site Plan registered at Sr. No. 1511 of Book No.5 page no.309-310 dated 30.7.1992.
- Laminated permission of construction No. 8169-70 dated 23.12.1983 on plot No.D-126 issued by UIT,Bharatpur in favour of Shri Kashi Ram s/o Shri Kalli Ram.
- Laminated transfer letter No. 279 dated 03.12.2012 issued by Nagar Parishad, Bharatpur in favour of Sheela Sharma w/o late Kanshi Ram Sharma.

(Rajesh Kumar Gupta and Priyanka Gupta)


## जीर्ण शीर्ण हुई सड़क को बनवाने की मांग

**भरतपुर,** (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (उद्योग एवं व्यापार) के पूर्व प्रदेश महासचिव योगेश सिंघल ने जिला कलक्टर से पिछले काफी दिनों से हीरादास सर्किल से सरसों अनुसंधान तक उखडी एवं जीर्ण शीर्ण हुई सडक को तुरन्त बनवाने की मांग की है। सिंघल ने बताया कि उक्त जीर्ण शीर्ण सडक जिसमें काफी गहरे-गहरे गढढे हो रहे हैं तथा रोजाना वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं एवं चालक चोटिल हो रहे हैं।

उन्होंने इस सडक की अनदेखी करने पर जिला प्रशासन के ढिलमुल रवैया पर गडा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि उक्त रोड के सहारे दोनों तरफ बने हुए मकानों एवं दुकानों में अन्दर तक धूल के गुब्बार उड रहे हैं तथा इस क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को अस्थमा एवं आंखों की बीमारियां बढ रही हैं।

सिंघल ने जिला कलक्टर से मांग की है कि जब तक उक्त रोड को बनवाया नहीं जाता है तब तक उक्त सडक पर दोनों टाइम टेंकरों से पानी का छिडकाव करवाया जावे ताकि धूल नहीं उड सके।

**बैठक आयोजितः-** कैट की कार्यकारिणी की मीटिंग कैट अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुराग गर्ग भी उपस्थित रहे। विश्व प्रिय शास्त्री उद्यान में 21 अगस्त को जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिली है।

इस संदर्भ में चर्चा हुई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनुराग गर्ग ने बताया कि यह कार्यक्रम कैट कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला प्रशासन पर्यटन विभाग की संयुक्त सौजन्य से किया जा रहा है जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कैट के जिला अध्यक्ष संतोष खंडेलवाल ने मीटिंग में कार्यक्रम के संदर्भ में कैट सदस्यों को दिशा निर्देश साथी कार्यक्रम में कैट द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया साथ ही मीटिंग में आए सभी सुझावों एवं विचारों को कार्यक्रम स्थल पर पूर्ण रूप से निर्वहन करने की भी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी।

कार्यक्रम में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सरसों व्यवसाई अमित गोयल, रौनक कोठारी, गौरव अग्रवाल मनोज तिवारी, प्रखर अग्रवाल, हर्ष आर्य धर्मेंद्र केएनजीडी, सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त जिला सचिव सुनील मित्तल ने किया।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान


**सिटी पार्क लोकार्पण**

**21 अक्टूबर, 2022 • सायं 5.00 बजे • मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर**

द्वारा
**श्री अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

अध्यक्षता
**श्री शान्ति कुमार धारीवाल**
मंत्री, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान

- प्रदेश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज (213 फीट)
- 3.5 कि.मी. लम्बा, 20 फीट चौड़ा जॉगिंग ट्रैक
- रॉक फाउन्टेन युक्त मनोरम लोअर लेक
- आकर्षक लाइटिंग एवं मधुर संगीत
- भव्य एन्ट्री प्लाजा
- 32 प्रजातियों के सघन वृक्ष
- एक्ज़ोटिक पौधे एवं सजीव स्कल्पचर्स
- बॉटनिकल गार्डन



राजस्थान संवाद

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण https://www.facebook.com/AshokGehlot.Rajasthan और https://www.youtube.com/user/GehlotAshok पर किया जाएगा।

राजस्थान आवासन मण्डल